तेज गेंदबाज मुनफ पटेल ने क्रिकेट से सन्यास लिया

नई दिल्ली 10 नवम्बर (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के सीनियर तेज गेंदबाज मुनफ पटेल ने क्रिकेट के हर प्रारूप से रिटायरमेंट ले ली। मुनफ ने भारतीय टीम के लिए छह जुलाई 2011

को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था। 35 वर्ष के मुनफ पटेल का क्रिकेट करियर 15 वर्षों का रहा। अपने संन्यास के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि क्रिकेट को अलविदा कहने के पीछे कोई खास कारण नहीं है। अब मेरी उम्र हो चुकी है और फिटनेस भी पहले जैसी नहीं है। अब युवा खिलाड़ी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं और ऐसे में ये अच्छा नहीं लगता कि आप अपनी बारी का इंतजार करते रहो। सबसे बड़ी बात ये कि क्रिकेट खेलने के प्रति मेरे अंदर अब पहले जैसी इच्छा नहीं रही। उन्होंने कहा कि मैं वर्ष 2011 में धोनी की कप्तानी में विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा था और ये मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा था।

65 किग्रा फ्री स्टाइल वर्ग में दुनिया के नंबर 1 पहलवान बने बजरंग पूनिया

नई दिल्ली 10 नवम्बर (ए)। राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में स्वर्ण तथा विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले भारत के स्टार पहलवान बजरंग पूनिया पुरुष फ्री स्टाइल 65 किग्रा की ताजा रैंकिंग में विश्व के नंबर एक पहलवान बन गए हैं। कुश्ती की विश्व संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (डब्ल्यूडब्ल्यू) ने पहलवानों की विश्व रैंकिंग को लेकर शुक्रवार को ताजा सूची जारी की जिसमें बजरंग अपने वजन वर्ग में दो स्थान का सुधार कर पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। इससे पहले वह तीसरे स्थान पर थे। इस साल कमाल का प्रदर्शन कर रहे बजरंग के अब 96 अंक हो गए हैं। वह दूसरे स्थान पर मौजूद बयूबा के पहलवान एलेजांद्रो एनिक से 30 अंक ज्यादा हैं जिनके 66 अंक हैं। रूस के पहलवान अखमद चेकोव 62 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं।

पेट में जकड़न से निपटने के लिए बड़े शॉट खेलेः हरमनप्रीत कौर

51 गेंद में नाबाद 103 रन की पारी खेली

प्रोविडेंस (गयाना) 10 नवम्बर (ए)। पेट की मांसपेशियों में जकड़न होने पर कोई भी साधारण क्रिकेटर असहनीय दर्द से बचने के लिए ड्रेसिंग रूम लौट जाता, लेकिन हरमनप्रीत कौर ने ऐसा नहीं किया और दौड़ने से बचने के लिए आठ छक्के जड़ डाले। कप्तान हरमनप्रीत ने 51 गेंद में नाबाद 103 रन की पारी खेली जिससे भारत ने आईसीसी विश्व टी20 के पहले मैच में न्यू जीलैंड के खिलाफ 34 रन की आसान जीत दर्ज की। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा, 'शुक्रवार को मेरी पीठ में थोड़ी तकलीफ थी। सुबह मैं अच्छा महसूस नहीं कर रही थी, जब मैं मैदान पर आई तो थोड़ा असहज महसूस कर रही थी और कुछ जकड़न भी थी।' जकड़न के बाद हरमनप्रीत को विकेटों के बीच दौड़ने में दिक्कत हो रही थी जिसके बाद उन्होंने दूसरी योजना बनाई। उन्होंने कहा, 'जब शुरू में मैं दो रन दौड़ रही थी तो मुझे थोड़ी जकड़न महसूस हुई। फिजियो ने इसके बाद मुझे दवाई दी और स्थिति थोड़ी ठीक हुई।' हरमनप्रीत ने कहा, 'इसके बाद मैंने सोचा कि काफी अधिक दौड़ने की जगह आगे मैं बड़े शॉट खेल पाऊं तो... क्योंकि आप जितना अधिक दौड़ेंगे जकड़न उतनी बढ़ेगी। इसके बाद मैंने जेमी (जेमिमा रोड्रिग्ज) से कहा, 'अगर तुम मुझे स्ट्राइक दोगी तो मैं अधिक बड़े शॉट खेलने का प्रयास कर सकती हूं।'

हरमन से पहले इन महिलाओं ने जड़े शतक

भारतीय टीम ने महिला वर्ल्ड टी-20 टूर्नामेंट की शुरुआत बेहद शानदार तरीके से की। उसने पहले मुकाबले में ट्रोफी की प्रबल दावेदार मानी जा रही न्यू जीलैंड की टीम को 34 रनों से हराया। इस मैच में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 51 गेंदों में 103 रनों की विस्फोटक पारी खेलते हुए इतिहास रच दिया। वह भारत की ओर से इंटरनेशनल क्रिकेट

में शतक लगाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनीं। रिकॉर्ड लिस्ट पर नजर डाली जाए तो भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ स्कोर का रिकॉर्ड पूर्व कप्तान मिताली राज (नाबाद 97 रन) के नाम था, जो अब पीछे छूट चुका है। हालांकि, हरमन से पहले महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 8 शतक लगे थे। टी-20 इंटरनेशनल में वेस्ट इंडीज की डीड्रा डोटिन और इंग्लैंड की डैनियल वेट के नाम सबसे अधिक दो-दो शतक दर्ज हैं। टी-20 इंटरनेशनल का पहला शतक वेस्टइंडीज की डीड्रा डोटिन के नाम है। उन्होंने 5 मई, 2010 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ 45 गेंदों में 7 चौके और 9 छक्के लगाते हुए 112 रनों की रेकॉर्ड पारी खेली थी। इस पारी के दौरान उन्होंने 38 गेंदों में शतक पूरा किया था, जो अब भी वर्ल्ड रिकॉर्ड (महिला टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज शतक) है। डोटिन ने एक और शतक 22 अक्टूबर, 2017 को श्री लंका के खिलाफ लगाया था। इस तरह उनके नाम इंटरनेशनल टी-20 में दो शतक हैं।2010 में ही महिला क्रिकेट में एक और शतक लगा। यह साउथ अफ्रीका की ओपनर बल्लेबाज शैड्रे फ्रिट्ज ने 14 अक्टूबर को नीदरलैंड्स के खिलाफ लगाया था। उन्होंने 71 गेंदों में 12 चौके और 2 छक्के की मदद से 116 रन बनाते हुए हाई स्कोर का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया था। शैड्रे के 116 रनों के रेकॉर्ड को ऑस्ट्रेलिया की मेग लेनिन ने 2014 में तोड़ा। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ 65 गेंदों में 18 चौके और 8 छक्के जड़ते हुए 126 रनों की पारी खेली। यह अब भी रेकॉर्ड है। 21 नवंबर, 2017 को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच केनबरा में खेले गए टी-20 मैच में वर्ल्ड रेकॉर्ड दो शतक लगे थे। पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए बेथ मूनी ने शतक लगाया, जबकि इंग्लैंड की ओर से डैनियल वेट ने ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए शतक लगा दिया। यह मैच इंग्लैंड ने जीता था। इस वर्ष यानी 2018 में अब तक कुल 4 शतक लग चुके हैं। हरमन के अलावा न्यू जीलैंड के सूजी बेट्स, इंग्लैंड की डैनियल वेट और टैमी ब्यूमोन्ट ने इस साल शतक लगाए हैं। वेट का यह टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में दूसरा शतक था पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 171 रन की बेहतरीन पारी खेलने वाली हरमनप्रीत को बल्लेबाजी के दौरान यह नहीं पता था कि वह टी20 में शतक जड़ने वाली देश की पहली खिलाड़ी हैं। हरमनप्रीत ने कहा,'मैं यह नहीं देख रही थी कि मैं कितने रन बना रही हूं, मेरा ध्यान इस पर था कि जीत दर्ज करने के लिए हमें कितने रन और बनाने होंगे।' उन्होंने कहा, 'हमें पता है कि उनके पास काफी अच्छी बल्लेबाज हैं। उनके पास सोफी डिवाइन और (सूजी) बेट्स हैं, हमें पता था कि अगर हम सिर्फ 150 रन बनाएंगे तो शायद जीत दर्ज नहीं कर पाएं।'

रामदीन ने कहा -

सीनियर खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी की वजह से हमने टी20 सीरीज गंवाई

चेन्नई 10 नवम्बर (ए)। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के विकेटकीपर दिनेश रामदीन ने कहा कि उनकी टीम टॉप के खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी की वजह से भारत के खिलाफ टी 20 सीरीज हार गई। इसके अलावा उन्होंने भारतीय चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव की बेहतरीन गेंदबाजी की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि उनकी टीम भारत के खिलाफ आसानी से टेस्ट,वनडे व टी 20 सीरीज हार गई। रामदीन ने कहा कि मौजूदा हालात में इंडीज की टीम को स्थापित करना काफी मुश्किल है। अगर आप हमारे टी 20 खिलाड़ियों के देखें तो पूरी दुनिया में उनकी मांग है। हमारे सीनियर खिलाड़ी भारतीय दौरे पर नहीं आए और इसकी वजह से हमें टी 20 सीरीज में 2-0 से हार मिली। इस वक्त इंडीज की टीम में क्रिस गेल और सुनील नारायण जैसे खिलाड़ी मौजूद नहीं हैं। वहीं ड्वेन ब्रावो ने पिछले महीने ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अलविदा कह दिया था। कुलदीप यादव के बारे में रामदीन ने कहा कि वेस्टइंडीज के बल्लेबाज चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव के आगे संघर्ष करते दिखे। कुलदीप ने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में अपनी टीम के लिए बड़ी भूमिका निभाई और उनकी वजह से ही हमें तीनों सीरीज गंवानी पड़ी। हमारी टीम के बल्लेबाज उनकी गेंदों को नहीं पढ़ पाए। मध्य के ओवरों में उन्होंने कमाल की गेंदबाजी की और हम उन्हें अच्छे तरीके से नहीं खेल पाए। उन्होंने कहा कि हम इस वक्त हमारी टीम टी 20 विश्व चैंपियन है और हम भारत के खिलाफ छोटे प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए।हमने कोलकाता में पहला टी 20 मैच खेला और हम आशा कर रहे थे कि अच्छा प्रदर्शन करेंगे, लेकिन हम यहां कि परिस्थिति के साथ सामंजस्य नहीं बिठा पाए जैसा कि हम चाहते थे। इस मैच में हम बड़ी साझेदारी भी नहीं कर पाए। होप और हेटमायर के बारे में रामदीन ने कहा कि वनडे क्रिकेट में सफल थे और उन्हें ये फॉर्म टी 20 में भी जारी रखनी चाहिए थी। उन्होंने कोशिश भी की लेकिन वो ऐसा नहीं कर पाए।

टी-20: विजय अभियान को जारी रखने उतरेगी भारतीय महिला टीम

भारत-पाक मुकाबला आज

प्रोविडेंस (गयाना) 10 नवम्बर (ए)। पहले मैच में जीत के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को यहां चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी विश्व टी20 के अपने दूसरे ग्रुप लीग मैच में प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। भारतीय टीम को दुनिया की शीर्ष टी20 टीमों में जगह नहीं दी जाती लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में टीम ने कप्तान हरमनप्रीत कौर की 51 गेंद में 103 रन की पारी की बदौलत 34 रन से जीत दर्ज की। भारतीय टीम इसी लय को फायदा उठाकर पाकिस्तान को हराना चाहेगी जिसके खिलाफ 2016 में अपनी सरजमीं पर विश्व टी20 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था।दिल्ली में मिली इस हार के बाद से भारत एशिया कप के दो टूर्नामेंट में पाकिस्तान से तीन बार भिड़ा और हर बार उसने जीत दर्ज की। पाकिस्तान को अपने पहले मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 52 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए युवा जेमिमा रोड्रिगेज ने भी प्रभावी प्रदर्शन किया।

प्रोविडेंस स्टेडियम की पिच धीमे गेंदबाजों के अनुकूल रही और पहले मैच में भारत ने आफ स्पिनर दीप्ति शर्मा और ऑलराउंडर पूनम यादव और बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव के रूप में चार धीमे गेंदबाजों को अपनाया। न्यूजीलैंड के नौ विकेटों में से आठ भारतीय स्पिनरों को खाते में गए।पाकिस्तान के खिलाफ हालांकि भारत मानसी जोशी या पूजा वस्त्रकार के रूप में दूसरी तेज गेंदबाज को भी मौका दे सकता है। पाकिस्तान के पास कप्तान जावेरिया खान,अनुभवी स्पिनर सना मीर और आलराउंडर बिस्माह मारूफ के रूप में स्तरीय खिलाड़ी हैं।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ हालांकि 153 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी क्रम नाकाम रहा था।

पाकिस्तान की कोई बल्लेबाज 30 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाई। बिस्माह 26 रन के साथ टीम की शीर्ष स्कोरर रही। पहले आठ ओवर में पाकिस्तान की गेंदबाजों ने दिशाहीन गेंदबाजी की जिसका फायदा उठाकर बेथ मूनी और एलिसा हिली ने 72 रन जोड़े। सना ने चार ओर में 32 रन लुटाए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला लेकिन रविवार को भारत के खिलाफ उनसे काफी उम्मीदें होंगी।

प्रथम पृष्ठ का शेष.....

कांग्रेस में शहीदों...

जिन्हें छग की पूरी जनता जानती है जिस पनामा पेपर में नाम आने से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को पाकिस्तान में जेल में डाला गया। वहीं मुख्यमंत्री के पुत्र का नाम भी पनामा पेपर में आने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई। इनके बारे में चौकीदार कुछ नहीं कहते हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने राफेल हिंदुस्तान में कम दामों में बनाने का निर्णय लिया था। हमारी सरकार सत्ता से बाहर हो गयी और मोदी की सरकार बनी। मोदी सरकार ने सरकारी कंपनियों को दरकिनार कर अनिल अंबानी की कंपनी को फायदा पहुंचाया। अनिल अंबानी ने कभी ऐरोप्लेन नहीं बनाया तो कॉन्ट्रैक्ट उनको क्यों दिया।

राहुल ने कहा कि हमारी पार्टी में शहीदों की लाइन लगी हुई है। आप कांग्रेस पार्टी को शहीदों के बारे में नहीं गफेल के बारे में समझाओ। पहले 56 इंच की छाती वाले चौकीदार आते थे। उद्योगपतियों को भाई कहते है और जनता को मित्रों कहते है। रोजगार, बैंक में 15 लाख, किसानों को सही दाम के साथ बोनस नही दिया। सभी को पता चल गया है कि मोदी और रमन के शब्दों का कोई मतलब नही।

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव जीतने के बाद दस दिनों के अंदर किसानों का कर्ज माफ कर देगी बोनस के साथ। साथ ही कहा कि कांग्रेस के आने पर छत्तीसगढ़ के हर जिले और ब्लॉक में फूड प्रोसेसिंग प्लांट लगेगा। इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। पंजाब और हरियाणा की तरह छत्तीसगढ़ को कृषि सेन्टर बनाएंगे। हमारी सरकार में पेशा कानून, जमीन अधिग्रहण बिल और आदिवासी बिल पूरी तरह से लागू होगी। उद्योगपतियों के लिए अधिग्रहित भूमि पर उद्योग नहीं लगने से किसानों को वापस मिलेगी। बीजेपी आपका पैसा लेकर उद्योगपतियों को देते है, हम स्कूल, सड़क, कॉलेज, अस्पताल और रोजगार उपलब्ध करायेंगे।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी आज जगदलपुर पहुंचे। लालबाग में राहुल गांधी की सभा स्थल में करीब 20 हजार से ज्यादा भीड़ जुटी। सभा को सम्बोधित करते स्वागत भाषण में छग पीसीसी अध्यक्ष भूपेश बघेल ने कहा कि स्व. नन्दकुमार पटेल ने प्रदेश में बदलाव के लिए परिवर्तन यात्रा निकाली थी। उनका सपना पूरा करने के लिए हम संकल्प लेते हैं।

नेता प्रतिपक्ष टीएस सिंहदेव ने कहा कि भीड़ देखकर लग रहा है कि बस्तर पूरा उमड़ कर यहां आ गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा का स्तर गिर गया है। वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में भाजपा सरकार विफल हुई है। प्रदेश में 15 वर्ष तक शासन करने वाली भाजपा के पास जनता को देने के लिए कोई योजना नहीं है। उनके घोषणा पत्र में जनता के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि बस्तर की जनता बस्तर की सभी 12 सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताएगी। आम सभा के दौरान छग के प्रभारी डॉ पीएल पुनिया, महापौर जतिन जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरविंद नेताम मंचस्थ थे। इसके पूर्व मलकोटा सिंह गैदु, राजमन बेंजाम एवं राजीव शर्मा ने उपस्थित जनसमुहों को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर छग में कांग्रेस की सरकार स्थापित करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन आलोक दुबे ने किया।

भेंट

बस्तर जिला कांग्रेस पार्टी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को बस्तर के पारम्परिक नृत्य को प्रस्तुत करते कलाकृति को स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया गया।

राहुल गांधी की सभा में उमड़े जनसमूह की रही चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी सभा के दूसरे दिन हुए कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की चुनावी सभा में जुटी भीड़ को लेकर शहर में चर्चा का माहौल बना रहा। 20-25 हजार की संख्या में उपस्थित जनसमूह राहुल गांधी को सुनने के लिए मौजूद था। राहुल गांधी की चुनावी सभा के साथ ही चुनाव प्रचार का भी समापन हो गया। चुनावी शोर गुल थमने के बाद अब प्रत्याशी घर घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर सकेंगे।

सबके कल्याण की...

कांग्रेस को यदि किसानों की सचमुच चिंता होती तो वह स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट पर ध्यान देती लेकिन स्वामीनाथन रिपोर्ट को अनदेखा कर कांग्रेस ने किसानों का शोषण व राजनीतिक इस्तेमाल करने का शर्मनाक कृत्य किया है।

भाजपा अध्यक्ष शाह द्वारा जारी भाजपा के इस संकल्प पत्र में सन् 2003 और 15 वर्षों के अपने शासनकाल के सन् 2018 के आंकड़ों का तुलनात्मक ब्योरा पेश कर अपनी उपलब्धियां गिनाई गई हैं। भाजपा ने कहा है कि इन उपलब्धियों से प्रदेश के विकास में आई गति को हम और बढ़ाना चाहते हैं। सन् 2025 में छत्तीसगढ़ प्रदेश के रजत जयंती वर्ष तक नवा छत्तीसगढ़ बनाने का संकल्प व्यक्त कर पार्टी ने छत्तीसगढ़ को समृद्ध, खुशहाल, सशक्त, स्मार्ट और हरित बनाकर एक विकसित प्रदेश के निर्माण का स्वप्न संजोया है, और सबके सम्मिलित प्रयासों की जरूरत बताते हुए कहा गया है कि ऐसा करके हम सब राज्य-निर्माता श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों को साकार कर सकेंगे।

भाजपा के जारी संकल्प पत्र में किसानों के लिए कई क्रांतिकारी संकल्पों की चर्चा की गई है। 60 वर्ष से अधिक आयु के लघु एवं सीमांत किसानों व भूमिहीन कृषि मजदूरों को एक हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन देने का वादा किया गया है। अगले पांच वर्षों में किसानों को दो लाख नए पम्प कनेक्शन दिए जाएंगे वहीं प्रदेश में छोटे बांधों का निर्माण व स्टापडैम का गहरीकरण कर सिंचित क्षेत्र का रकबा 50 प्रतिशत करने का संकल्प व्यक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ में जैविक खेती के विकास के तेज प्रयासों पर बल देकर दहलन-तिलहन की समर्थन मूल्य पर खरीदी का भी वादा किया गया है। लघु वनोपजों का समर्थन मूल्य डेढ़ गुना बढ़ाने का भी वादा भाजपा ने किया है। वनोपज खरीदी-बिक्री के लिए सर्वसुविधायुक्त हाट-बाजारों की स्थापना भी की जाएगी।

भाजपा के संकल्प पत्र में छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त प्रदेश बनाने का वादा उल्लेखनीय है। इसके साथ ही पार्टी ने अजा-जजा बच्चों के लिए 'गुरु घासीदास' एवं 'अमर शहीद गुंडाधुर' छात्रवृत्ति योजना लाने की बात भी कही है। निराश्रित पेंशन राशि में वृद्धि के साथ ही सन 2022 तक सभी ग्रामीण एवं शहरी गरीब परिवारों के लिए पक्का आवास बनाने का संकल्प व्यक्त किया गया है। इसी तरह नोनी सुरक्षा में दी जाने वाली राशि दुगुनी कर दो लाख रुपए की जाएगी। सरस्वती साइकिल योजना के तहत अब पार्टी ने कक्षा नवमी में प्रवेश लेने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल देने के साथ ही अब 12वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क गणवेश और पाठ्य पुस्तकें देने का वादा भी किया है। सबसे महत्वपूर्ण संकल्प पार्टी ने यह व्यक्त किया है कि अब मेधावी छात्राओं को यातायात में सुविधा देने हेतु निःशुल्क स्कूटी दी जाएगी।

भाजपा के संकल्प पत्र में महिला सशक्तिकरण की योजनाओं पर भी जोर दिया गया है। महिलाओं को व्यापार हेतु दो लाख रुपए और स्व-सहायता समूहों को पांच लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त ऋण देने का वादा करते हुए पार्टी ने युवाओं को रोजगार सुनिश्चित करने कौशल उन्नयन भत्ता (बेरोजगारी भत्ता) देने की बात भी कही है। अधिकापुर और जगदलपुर में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाने के साथ ही सभी जिला अस्पतालों को मल्टी स्पेशलिटी बनाने का वादा इस संकल्प पत्र का महत्वपूर्ण बिंदु है। दो सौ करोड़ रुपए के 'उद्यमिता मास्टर फंड' की स्थापना भी की जाएगी। पार्टी ने यह संकल्प भी व्यक्त किया है कि हिंदी और छत्तीसगढ़ी भाषा के विकास के लिए प्रदेश में नया विश्वविद्यालय स्थापित होगा। सभी पेंशनर्स को एक हजार रुपए प्रतिमाह चिकित्सा भत्ता देने के साथ ही गरीब परिवारों के लिए पांच लाख रुपए एवं अन्य परिवारों के लिए एक लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा कराने का वादा भी संकल्प पत्र में कहा गया है।

मीडिया क्षेत्र के लिए भी संकल्प व्यक्त कर भाजपा ने पत्रकार और फोटो पत्रकार कल्याण बोर्ड के गठन का वादा किया है। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने का वादा भी पार्टी ने किया है। सभी ब्लॉक मुख्यालयों में शासकीय कर्मचारी कॉलोनी बनाने के साथ ही नगरीय क्षेत्रों में स्थायी एवं नजूल पट्टों के नियमितीकरण व नवीनीकरण की घोषणा भी की गई है। छोटे व्यापारियों के लिए पांच लाख रुपए तक के व्यापार बीमा का वादा इस संकल्प पत्र का विशेष बिंदु तो है ही, पुलिस की सेवा-शर्तों संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु एक विशेष व्यवस्था बनाने का वादा भी एक उल्लेखनीय बिंदु है। रायपुर, अटल नगर, भिलाई, दुर्ग और राजनांदगांव समूह का स्टेट कैपिटल रीजन के रूप में विकास करने की घोषणा भी संकल्प पत्र में की गई है। छत्तीसगढ़ में फिल्म सिटी निर्माण और विश्व पटल पर एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के रूप में छत्तीसगढ़ के विकास का इरादा भी भाजपा ने संजोया है। इसी के साथ पूरे विश्व में बसे हुए छत्तीसगढ़वासियों को एक पटल पर लाने हेतु माइक्रो ब्लॉगिंग साइट भी बनाने का वादा संकल्प पत्र में किया गया है।

जोगी ने जारी किया...

जोगी ने चौदह बिंदुओं के घोषणा पत्र में धान का समर्थन मूल्य 25 सौ रुपये प्रति क्विंटल करने के साथ-साथ पांच हार्स पावर तक की बिजली मुफ्त देने का वादा किया गया है। साथ ही सरकार नौकरियों में स्थानीय लोगों को शत-प्रतिशत आरक्षण देने के अलावा पीजी पास बेरोजगारों को 2001 रुपय प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने का जिक्र भी घोषणा पत्र में किया गया है। पार्टी के मुखिया अजीत जोगी ने कहा कि छत्तीसगढ़ इस बार घोषणा गढ़ नहीं शपथगढ़ बनेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमारे घोषणाओं की नकल की है। जोगी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को जोगी नकल पत्र करार दिया। जोगी ने प्रेस कान्फ्रेन्स में कहा कि पार्टी की पहली स्थापना दिवस के मौके पर 25 सौ रूपये समर्थन मूल्य, शराब बंदी के साथ-साथ आउटसोर्सिंग के विरूद्ध स्थानीय बेरोजगारों को 100 फीसदी आरक्षण और 15 सौ रुपये सामाजिक सुरक्षा पेंशन का पत्र जारी किया था। कांग्रेस ने किया मेहनत किए उसकी नकल कर ली। जोगी ने कहा कि कल कांग्रेस का जन घोषणा पत्र और भाजपा का संकल्प पत्र जारी हुआ। इसी तरह का एक संकल्प पत्र भाजपा ने पिछले चुनाव में जारी किया था। पांच साल हो गए, 2100 रुपये समर्थन मूल्य, प्रतिवर्ष 300 रूपये बोनस, ऐसे कई संकल्प लिए लेकिन कोई संकल्प पूरा नहीं हुआ। इस साल फिर नए संकल्पों के साथ आ गए। जोगी ने कहा कि कर्नाटक में घोषणा पत्र दिए। किसानों का ऋण दस दिनों में माफ करने की बात कही। लेकिन धरातल पर स्थित ये है कि दस महीने से ज्यादा हो गए पंजाब में आज तक किसानों का ऋण माफ नहीं हुआ। कर्नाटक में तो केबल कागज में ही ऋण माफ हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और मोदी जी की बात तो बहुत दूर की है। जोगी ने दावा किया कि इन दोनों ने तो अपने घोषणाओं का एक पॉइंट भी ठीक से नहीं पढ़ा होगा। उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस, बसपा और सीपीआई के महागठबंधन के मुख्यमंत्री प्रत्याशी होने के नाते वे छत्तीसगढ़ की ढाई करोड़ जनता को अपना शपथ पत्र दे रहे हैं। वे भारतीय राजनीति के इतिहास में पहली एसा मुख्यमंत्री प्रत्याशी हूं जो घोषणा नहीं, वादे नहीं बल्कि शपथ पत्र देकर जनता के बीच जा रहा हूं। जोगी ने चुनौती दी है कि वे दोनों दलों के राष्ट्रीय नेताओं को चुनौती देते हैं कि अगर दोनों वाकई घोषणाओं को पूरा करने का दम रखते हैं तो मेरी तरह छत्तीसगढ़ की जनता को शपथ पत्र देकर वे विश्वास दिलाएं कि जनता इस बार ठगी नहीं जायेगी। अगर नियत साफ हो तो कर्जा माफी के लिए दस दिन नहीं दस मिनट और एक दस्तखत चाहिए। जो केवल अजीत जोगी कर सकता है।

इस दौरान जनता कांग्रेस के महासचिव अब्दुल हमीद हयात, इकबाल अहमद रिजवी, नितिन भंसाली, सुब्रत डे व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।